हे राम... डेंगू पर कब लगेगा विराम?

▸▸नागरिकों की दर्दभरी गुहार ▸▸ 3 दिन में 23 मरीज मिलने से मची खलबली

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- स्थानीय महानगर पालिका क्षेत्र ही नहीं अपितु जिले में डेंगू ने पैर पसारे हैं.

बीते 3 दिनों में 23 मरीज मिलने से खलबली मच गई है. मनपा प्रशासन की ओर से डेंगू पर रोकथाम लगाने के लिए व्यापक उपाय योजनाएं की जा रही हैं. लेकिन यह बीमारी रूकने का नाम नहीं ले रही है. नागरिकों की दर्दभरी गुहार हे राम... डेंगू पर कब लगेगा विराम से महकमा हिल उठा है. डेंगू का प्रभाव दिन-ब-दिन बढ़ रहा है. साफ-सफाई का अभाव, गंदे पानी से लबालब नालियों से संक्रामक बीमारियों को न्यौता देने वाले जीवाणु व मच्छर पनप रहे हैं. शहर की साफ-सफाई की जांच करने के लिए पालकमंत्री प्रवीण पोटे ने सार्थक कदम उठाए हैं.

इसका असर दो दिनों से दिखाई दे रहा है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में इस संदर्भ में कोई उपाय योजना नहीं दिखाई दे रही है. ग्रामीण क्षेत्र की जनता पालकमंत्री पोटे की ओर आस लगाए बैठी है. जिले के 'पालक'मंत्री



रहने के कारण संभवतः ग्रामीण क्षेत्र की ओर भी रूख करेंगे, ऐसी अपेक्षा ग्रामवासियों को है. शहरी क्षेत्र की सफाई का इस कदर बंटाधार हुआ कि बीते 3 माह से डेंगू का कहर शुरू हुआ है. शहर व ग्रामीण क्षेत्र में अब तक 216 मरीज मिले हैं. दिन-ब-दिन डेंगू से बाधित मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है.

सरकारी व निजी अस्पताल मरीजों से हाउसफुल दिखाई दे रहे हैं. प्रशासन की ओर से शुरू कार्रवाई सार्थक साबित नहीं हो रही है.

स्क्रब टायफस के 3 मरीज

शहर का पश्चिमी क्षेत्र स्थानीय हैदरपुरा परिसर के एक 20 वर्षीय युवक तथा समर्थ कॉलोनी के 20 वर्षीय युवक व इसी क्षेत्र की 35 वर्षीय महिला को डॉ. संदीप मलीये के अस्पताल में इलाज के लिए दाखिल किया गया है. इन मरीजों में से दो मरीज स्क्रब टायफस पॉजिटिव मिले हैं. स्क्रब टायफस मरीजों की संख्या जिले में 67 जा पहुंची है. एक ओर डेंगू दूसरी और स्क्रब टायफस जैसी लानलेवा बीमारियां पैर पसार रही हैं. शहर व जिले के नागरिकों में इन बीमारियों के चलते भय का वातावरण निर्माण हुआ है.

नागरिकों को सचेत रहने की जरूरत

एक ओर शहर में डेंगू बीमारी का प्रकोप फैला दिखाई दे रहा है. दूसरी ओर शहर में कई घरों में स्थित कूलरों में अभी भी पानी जमा हुआ है.

इस ओर नागरिकों की अनदेखी दिखाई दे रही है. स्थानीय पन्नालाल परिसर में मनपा कर्मियों ने साफ-सफाई के संदर्भ में घर भेंट के दौरान कूलर में जमा पानी देखा. नागरिकों को बीमारी से बचने के लिए सचेत रहने की जरूरत है. मनपा प्रशासन सड़क गली, कूचों, मैदानों, नालियों की सफाई पर बीते दो दिनों से ध्यान अधिक दे रहा है. किंतु घर में सफाई है की नहीं इसके लिए संबंधित व्यक्ति को भी ध्यान देने की जरूरत है. डेंगू व संक्रामक बीमारी से बचने के लिए सचेत रहने की आवश्यकत है.

जन्मदिन मुबारक

हितेश गोहील
अमरावती
9975040105

आनंद संगेले
अमरावती
9595632010

मोईन खान
अमरावती
9561741313

घनश्याम बतरा
9423123296

अजय पोहने
7769071813

सुमित खेरडे
9096056091

कौस्तुभ देशमुख
अमरावती

गिरीश मुलानी
अमरावती

अमृता श्रीवास
अमरावती

मुजीब रहेमान
अमरावती

महेक बानो
अमरावती

ऋषिकेश देशमुख
अमरावती

स्वागत सचिन साहू
अमरावती

आर्यहि श्रीकांत होले
दर्यापुर

अक्षय खोडस्कर
अमरावती

प्रवीण खांडपासोले
अमरावती
9766698496

गिरीश गेही
अमरावती
9420714544

विजय मोटवानी
अमरावती
9422067972

ललित तिवारी
अमरावती

रोमित जाधव
अमरावती
8087742320

रवि पंचमलाल साहू
अमरावती
9561997755

खुशी सरबेरे
अमरावती

आप सभी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

जिनका फोटो आज के जन्मदिन कॉलम में छपा है, वे फोटो कटिंग साहिल ऑप्टीकल में देकर इम्पोटेड गॉगल प्राप्त करें. यह ऑफर सिर्फ आज ही के दिन है.

साहिल ऑप्टीकल
राजापेठ पुलिस स्टेशन के पास
अमरावती, मो.9325717817

यातायात कार्यालय से श्रीकृष्णपेठ का सड़क कांक्रीटीकरण का कार्य

50 दिनों के लिए इर्विन चौक बंद

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती- यातायात कार्यालय से श्रीकृष्णपेठ की ओर जाने वाला मार्ग 50 दिनों के लिए बंद रहेगा. इस सड़क पर सीमेंट कांक्रीटीकरण का कार्य शुरू किए जाने से दाहिने ओर का यातायात बंद किया गया है. पंचवटी से आते समय अग्रवाल पेट्रोल पम्प के सामने की सड़क का इसमें समावेश किया गया है. ट्रैफिक कार्यालय से श्रीकृष्णपेठ की ओर जाने वाले वाला मार्ग खुला रहेगा. श्रीकृष्णपेठ की ओर जाने वाले मार्ग का दुभाजक तोड़कर

यातायात के लिए मार्ग सुचारू किया गया है. पंचवटी से मालवीय चौक तक यातायात सुचारू रहेगा. गणेशोत्सव पर्व को देखते हुए भाविकों को अड़चन न हो इसकी सावधानी बरती जा रही है. यह सड़क निर्माण कार्य 50 दिनों में पूर्ण होगा, लेकिन इस कार्य को 50 दिनों के भीतर पूर्ण करने की योजना है. मालवीय चौक से जयस्तंभ मार्ग का कार्य पूर्ण हुआ है. इस सड़क की साफसफाई का काम शुरू है. दो दिनों में यह सड़क यातयात के लिए सुचारू हो जाएगी.

बेलदार समाज के मेधावियों का सत्कार 2 को

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती-जिले के बेलदार समाज के कक्षा 10 वीं व 12 वीं के मेधावियों का सत्कार समारोह मंगलवार, 2 अक्टूबर को आयोजित किया है. कार्यक्रम दौरान विद्यार्थियों को करिअर संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएंगा. जिले के सभी समाजबंधु अपने पाल्यों के नाम व मार्कशिट की झेरॉक्स पंडीत सैरिसे 9975864279, लक्ष्मण पांडे 9763969672 व जगन्नाथ भगेवार 9860106845 पर 29 सितंबर के पूर्व संपर्क कर सकते है. कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आह्वान राज्यस्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष पंडीतराव सैरिसे, उपाध्यक्ष गजानन पाथरे, उपाध्यक्ष विश्वनाथ महेंगे, कार्याध्यक्ष लक्ष्मण पांडे, सचिव जगन्नाथ भगेवार, कोषाध्यक्ष आनंद सुलताने ने किया है.

50 शिविरों में 10 हजार मरीजों की जांच

▸▸शिवसेना का स्वास्थवर्धक उपक्रम ▸▸ जिला प्रमुख सुनील खराटे की संकल्पना

अमरावती - *उद्धव ठाकरे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित स्वास्थ्य शिविरके दौरान उपस्थित सुनील खराटे.*

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती - 80 फीसद समाजसेवा और 20 फीसद राजनीति यह बालासाहब ठाकरे की विचारधारा के अनुसार शिवसेना जिला प्रमुख सुनील खराटे की संकल्पना से पार्टी प्रमुख उध्दव ठाकरे के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वास्थवर्धक उपक्रम चलाया गया. अमरावती शहर व बडनेरा तथा ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर 50 शिविर में 10 हजार मरीजों की जांच कर औषधोपचार किया गया. साथ ही नेत्र जांच पश्चात 2 हजार मरीजों को निःशुल्क चश्मे का वितरण किया गया.

विगत दो माह से निरंतर आयोजित हो रहे स्वास्थ शिविर के लिए मुंबई के डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया था. शिविर को सफल बनाने के लिए जिला प्रमुख सुनील खराटे, शहर प्रमुख संजय शेटे, उपशहर प्रमुख विकास शेलके, उपजिला प्रमुख प्रकाश टेटू, दिनेश चौधरी, सागर ढोके, प्रवीण अंबाडेकर, परेश भंसाली, नीलेश सावले, अतुल थोटांगे, गजू बिहारी, संदीप इंगोले और हर विभाग के शिवसैनिकों ने सराहनीय प्रयास किये.

उध्दव ठाकरे ने किया अभिनंदन

जिला प्रमुख खराटे की संकल्पना से चलाये गए स्वास्थवर्धक उपक्रमों की जानकारी शिवसेना प्रमुख उध्दव ठाकरे को उनके मातोश्री निवास स्थान पर दी गई. ठाकरे ने सुनील खराटे का अभिनंदन करते हुये अगले कार्य के लिए शुभकामनाएं दी.

अनमोल वचन

विश्वास और प्रेम में एक समानता है, दोनों में न कोई भी जबर्दस्ती पैदा नहीं किया जा सकता.

दिनदर्शिका

आज के कार्यक्रम

- **मातंग समाज की बैठक**
  स्थान : टाऊन हॉल, राजकमल चौक
  समय : सुबह 11 बजे.
- **फुलबॉडी जांच शिविर**
  स्थान : लक्ष्मीनारायण गणेशोत्सव मंडल, बापू कॉलनी
  समय : सुबह 9 बजे.
- **रोटरी अंबानगरी का रेला**
  स्थान : रुद्रेश मंगलम्, बडनेरा रोड
- **कृष्णार्पण परिवार की भागवत कथा**
  स्थान : धर्मदाय कॉटन फंड, वालकट
  समय : दोपहर 3.30 बजे.
- **तिरछी आंख शल्यक्रिया शिविर**
  स्थान : विदर्भ आयुर्वेद महाविद्यालय
- **चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला**
  स्थान : जैन श्वेतांबर व अंबापेठ जैन स्थानक
  समय : सुबह 9.30 बजे.

कल के कार्यक्रम

- **राफेल घोटाला व महंगाई के खिलाफ कांग्रेस को मोचा**
  स्थान : जिला कचहरी
  समय : सुबह 11 बजे.
- **सांसद अड़सुल का अभिष्ट चिंतन**
  स्थान : संत ज्ञानेश्वर सांस्कृतिक भवन
  समय : शाम 6 बजे.
- **कृष्णार्पण परिवार का भागवत सप्ताह**
  स्थान : धर्मदाय कॉटन फंड, वालकट
  समय : दोपहर 3.30 बजे.

चार पहिया वाहन से गाय की चोरी

अमरावती- वलगांव पुलिस थाना अंतर्गत पेठपुरा नया अकोला में चार पहिया वाहन से आये चोरों ने एक गाय चुरा ली. गाय का मूल्य 15 हजार रुपये है. संतोष रामेश्वर पुरी के मुताबिक वे अपने घर पर सोये थे. पड़ोसियों ने फोन पर सूचित किया की गोठे से गाय चुरा कर तीन लोगों ने उसे चार पहिया वाहन में ठूसा और फरार हो गए. पुलिस ने धारा 379, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है. एपीआई निसर्ग ओतारी मामले की जांच कर रहे हैं.

राजेंद्र वैराले का निधन

अमरावती - स्थानीय गणपति नगर निवासी व तक्षशिला महाविद्यालय के निवृत्त कर्मचारी राजेंद्र मधुकरराव वैराले का बुधवार की रात अल्पबीमारी से निधन हुआ. वे 58 वर्ष के थे. वे अपने पश्चात मां, पत्नी, तीन पुत्री, एक पुत्र समेत भरा पूरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं. उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को हिंदू श्मशान भूमि में किया गया.

अंशदायी पेंशन योजना रद्द कर लागू करें पुरानी पेंशन योजना

▸▸महाराष्ट्र राज्य पुरानी पेंशन हक संगठन की मांग ▸▸2 अक्टूबर को पेंशन दिंडी निकालेंगे

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती - महाराष्ट्र राज्य पुरानी पेंशन हक संगठन की ओर से सरकार की सेवा में 31 अक्टूबर 2005 के बाद शामिल महाराष्ट्र के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने, अंशदायी पेंशन (डीसीपीएस, एनपीएस) योजना रद्द करने की मांग को लेकर राज्यभर के सरकारी कर्मचारी महात्मा गांधी की जयंती अवसर पर 2 अक्टूबर को पेंशन दिंडी निकालेंगे. 3 अक्टूबर को मंत्रालय पहुंचकर घेराव करेंगे. यदि मांगें पूर्ण नहीं की गई तो बेमियादी अनशन किया जाएगा. ठाणे के तीन हाथ नाका से दिंडी आरंभ होगी.पुरानी पेंशन हक संगठन के नेतृत्व में विविध कर्मचारी संगठन एकजुट हुए हैं. 31 अक्टूबर 2005 से सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारियों को सरकार ने 1982 व 84 की पुरानी पेंशन योजना रद्द कर नई अंशदायी पेंशन योजना लागू की है. इस योजना में कर्मचारियों का वर्तमान व भविष्य अंधकारमय हो गया है.

इसी तरह सेवा में कार्यरत व्यक्ति की मृत्यु के बाद मामूली लाभ के सिवाय कुछ नहीं मिलेगा. समान काम, समान वेतन कानून रहने के बाद भी कुछ लोगों को पुरानी पेंशन योजना और कुछ को नई पेंशन योजना, ऐसा भेदभाव सरकार की ओर से किया जा रहा है. अब तक संपूर्ण महाराष्ट्र में डीसीपीएस योजना लागू रहने के बाद 350 से अधिक कर्मचारियों की मृत्यु हुई है. कर्मचारियों के परिजनों को सरकार द्वारा कोई भी मदद नहीं दी गई. जिससे उनके परिवार पर भुखमरी की नौबत आन पड़ी है.

महाराष्ट्र राज्य पुरानी पेंशन हक संगठन की ओर से गांधी जयंती के दिन 2 अक्टूबर को ठाणे से मुंबई पेंशन मार्च आयोजित करने का निर्णय लिया गया है.

इस आयोजन के लिए डीसीपीएस-एनपीएस धारक शिक्षकों, कर्मचारियों से बड़ी संख्या में उपस्थित रहने का आग्रह संगठन के उपाध्यक्ष नामदेव मेटागे, संपर्क प्रमुख कडू, ढवले, काले, घोम, भावना राऊत, खोब्रागड़े, बहिरम, पवार, जगताप, गावंडे, प्राजक्ता राऊत, त्रिपाठी, रोडे, पाचपाडे, वंदे, कल्पना जावड़े ने किया है.

▸▸जिला प्रशासन के साथ विधायक बच्चू कडू ने ली समीक्षा बैठक ▸▸ तहसील की कई समस्याओं पर जानकारी लेकर की चर्चा

अचलपुर-चां. बा. को सूखाग्रस्त घोषित करें

प्रतिनिधि, 22 सितंबर

अमरावती - अचलपुर व चांदूर बाजार तहसील को आकाल पीड़ित घोषित करने व विभिन्न प्रलंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को विधायक बच्चू कडू ने जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में जिला प्रशासन के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक लेकर जानकारी लेते हुए चर्चा की. साथ ही विभिन्न समस्याओं को तत्काल निपटाने के लिए निर्देश भी दिये.

इस समीक्षा बैठक में विधायक बच्चू कडू के साथ अतिरिक्त जिलाधिकारी खुशालसिंह परदेसी व सभी संबंधित विभाग के विभाग प्रमुख उपस्थित थे.

इस दौरान बोरगांव दोरी-तलनी पुनर्वसन ले-आऊट को रिवाइज करने, प्रकल्प पीड़ितों को प्रमाणपत्र वितरित करने. बोरगांव पेठ पुनर्वसन का प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये. इसी तरह बाढ़ग्रस्त नीले पट्टे के गांव का नीला पट्टा रद्द कर शासन निर्णयानुसार मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, 2014 में आई महाबाढ़ में बाधित हुए चांदूर बाजार तहसील के 43 गांव का पुनर्वसन करने के लिए 8 दिन के अंदर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये.

इसी तरह विधायक कडू ने चारघड जलाशय से रेडवा चिचकुंभ पानी आपूर्ति योजना तैयार करने के लिए जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के निर्देश दिये. मौजा नागरवाड़ी के किसानों का सर्वे कर पाइप लाइन बिछाने के लिए प्रस्ताव तैयार करने, बिच्छन नदी व सापन नदी का गहराईकरण बाढ़ सुरक्षा दीवार तैयार करने जैसी 21 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक बच्चू कडू ने जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक लेकर कुछ जानकारियां लेते हुए प्रस्ताव तैयार करने और उस पर अमल कर तत्काल जरूरी कदम उठाने के निर्देश भी दिये.



अमरावती - *जिलाधिकारी कार्यालय के सभागृह में समीक्षा बैठक के दौरान विधायक बच्चू कडू व आलाधिकारी.*